**खबर संक्षेप**

### दिंडी यात्रा में सम्मलित होगा महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज

**छिंदवाड़ा।** परंपरा अनुसार विट्ठल रुक्मणी के चरणों मे अर्पित की जाने वाली दिंडी यात्रा प्रतिवर्ष अषाढ एकादशी को गजानन गुणगान मण्डल द्वारा आयोजित की जाती है जिलाध्यक्ष रामकुमार सोनी निनावे ने बताया कि इस भव्य दिंडी यात्रा मे महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज भी अपनी दिंडी सहित सम्मलित होता है, इस वर्ष भी दिनांक 17 जुलाई को आयोजित होने वाली यात्रा मे समाज की दिंडी सहित सम्मलित होगा, यात्रा ई एल सी चौक से 10.30 बजे प्रारम्भ होकर साईं मंदिर पहुंचेगी, सांई मंदिर में आरती उपरांत अन्य दिंडीओ के साथ विट्ठल रुक्मणि का गुणगान करते नाचते गाते विशाल जुलूस के साथ गजानन मंदिर पहुंचेंगे, इस आयोजन को लेकर सामाजिक बन्धुओं, मातृशक्तिओं एवं युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस विशाल दिंडी यात्रा मे सम्मलित होने हेतु अपील वरिष्ठ कार्यकारिणी, युवा कार्यकारिणी, महिला कार्यकारिणी, नगर कार्यकारिणी एवं समाज के समस्त पदाधिकारियों ने की है।

### एम.पी. ट्रांसको का पौधारोपण अभियान

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार और ऊर्जा विभाग की बिजली कंपनियों में पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के छिंदवाड़ा सहित प्रदेश के विभिन्न सब स्टेशनों और रहवासी कॉलोनियों में वृहद पौधारोपण किया गया। पौधारोपण को लेकर एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों के अलावा उनके परिजनों में भी गजब का उत्साह दिखाई दिया, जो एम.पी. ट्रांसको की रहवासी कालोनियों में भी बढ़-चढ़कर पौधारोपण कर रहें हैं। छिंदवाड़ा क्षेत्र में अधीक्षण अभियंता निजाम सिंह लोधी के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता श्री दीपक पारधी की टीम ने 220 के.व्ही. सब स्टेशन छिंदवाड़ा तथा 132 के.व्ही. सब स्टेशन चंदनगांव छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, खापा स्वामी, बिछुआ, सावरी (करला कलान) तथा उमरेठ सब स्टेशनों में पौधारोपण किया गया।

## प्रताड़ना से तंग आकर वनसंरक्षक ने आत्महत्या करने की मांगी थी अनुमति

# मकान से बरामद हुआ छह दिन पुराना शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




जिले में मानवीयता को तार तार करता एक नया मामला प्रकाश में आया है जहां सरकारी तंत्र के तौर तरीकों से तंग आकर एक वन संरक्षक ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। आत्महत्या के पूर्व कई बार वरिष्ठ कार्यालयों में मिन्नते करते रहा। परंतु मानवता को शर्मसार करता सरकारी तंत्र मौन ही रहा और वह मौत की नींद सो गया।

छिन्दवाड़ा शहर की श्रीवास्तव कालोनी में रहने वाले एक वनरक्षक ओमप्रकाश लोधी का शव छह दिनों तक उनके घर में ही सड़ता रहा। मोहल्ले के लोगों को जब बदबू आने लगी तब खबर पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने मकान का दरवाजा खोला तो पाया कि अंदर वनरक्षक का शव ही कंपोस्ट हो रहा था। जिससे भयानक बदबू आ रही थी। यह वन रक्षक पश्चिम बन मण्डल के हर्रई स्थित सलैया डिपो में पदस्थ था। 28 जून को उसकी पत्नी 14 साल के बेटे के साथ अपने मायके बालाघाट चली गई थी। इसके बाद से यह घर के अकेला था। 8 जुलाई को उसकी माँ भी मिलने घर आई थी। इसके बाद से उसे किसी ने नहीं देखा। 8 जुलाई से उसके घर का दरवाजा अंदर से बंद था। जो 14 जुलाई को धरमटेकड़ी पुलिस ने उसके घर का दरवाजा तोड़ा और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस मौत के मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उसकी मौत के कारणों का खुलासा होगा। शव की अवस्था बता रही थी कि कि वनरक्षक करीब 6 दिन पहले ही मर चुका था। उसके बंद घर मे शव सड़ रहा था।मरने से पहले वनरक्षक ओमप्रकाश लोधी ने कलेक्टर, मुख्य वन सरंक्षक, और डी एफ ओ को 6 जून को आवेदन दिया था। अपनी हैडराइटिंग में लिये आवेदन में उसने कहा था कि विभाग के अफसर उसे प्रताड़ित कर रहे है। साल भर में उसका चार बार तबादला कर चुके हैं। पहले मांवरी, देलाखरी, फिर सांगाखेड़ा और वर्तमान में वह हर्रई के रालेया डिपो में पदस्थ था। निलंबित करने के बाद से उसे आठ माह से चेतन ही नहीं दिया गया है। यह अपने परिवार का पालन-पोषण नहीं कर पा रहा है। पत्र में उसने परिवार सहित आत्महत्या करने की अनुमति भी मांगी थी।इस वनरक्षक की लाश मिलने के बाद भी वन विभाग के अफसरों की संवेदना जागी नहीं है। कोई भी अफसर ना उसे देखनेअस्पताल गया ना ही उसके परिजनों से मिला है। तय ही है कि अफसरों की प्रताड़ना निलंबन, सालभर में चार बार तबादला और आठ माह में चेतन ना मिलने से बने मुश्किल हालातो में उसने आत्महत्या कर ली है। यदि उसके 6 जून के आवेदन पर ही अफसरों ने ध्यान दिया होता तो शायद आज यह खबर ना होती। किसी भी कर्मी को निलंबन अवधि में भी गुजारा भता की पात्रता होती है किंतु वन विभाग में शायद जंगल राज ही चल रहा है कि उसे गुजारा भता भी नसीब नहीं हुआ और वह इस बुरी कंडीशन में दुनिया से हो चला गया है। दरअसल यह लाभ वनरक्षक की नहीं बल्कि जिले के वन विभाग के सड़े-गले सिस्टम की है जो वन विभाग अपने ही रक्षक की रक्षा नहीं कर पाया यह जिले के जंगल की रक्षा भला क्या करेगा। भृष्ट और मदमस्त अफसर विभाग के कर्मों के प्रति ऐसा व्यवहार कैसे कर सकते हैं कि एक वन रक्षक आठ माह से वेतन के लिए तरस रहा था जबकि वह वन विभाग में 6 नवम्बर 2006 में पटाय था। एक मुख्य वन सरंक्षक और तीन-तीन ही एक ओ वाले जिले के वन विभाग के लिए यह घटनार्मनाक है।प्रदेश की संवेदनशील सरकार को इस घटना को संज्ञान में लेकर मृत वनरक्षक ओमप्रकाश लोधी के मामले की जाय कराना चाहिए। आमसर तो उसे शराबी, लापरवाह के साथ ही डयूटी में नहीं आ रहा था कहकर निकले किन्तु वनविभाग में वाल एक ही बन रहक्षक नहीं है। वनरक्षकों से महकमा भरा पड़ा है।इस मामले में मुख्य वनरक्षक मण्डल के ही एक और रेजर को निलंबित कर जांच बिठाई जान पाएकि जून के आकेको क्यो नही सुना गया था।

### वन विभाग के उत्पादन क्षेत्र से कर्मचारी करा रहे तबादले

वन विभाग यूं तो हमेशा ही सुर्खियों में बना रहता है। यहां खुलेआम जंगलों से सागवान की अवैध कटाई और जंगल के अंदर के घाटों से रेत की तस्करी के मामले आम है। लेकिन इस बार वन विभाग वन कर्मियों की प्रताड़ना को लेकर सुर्खियों में है। जहां एक तरफ पश्चिमी वन मंडल से उत्पादन में स्थानांतरित किए गए वन कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली है। तो वही उत्पादन क्षेत्र में अधिकारी की प्रताड़ना से तंग आकर अब तक आधा दर्जन कर्मचारियों ने अपने तबादले करा लिए है। वन विभाग के अधिकारी मनमाने तरीके से काम करने के लिए पिछले कई दिनों से सुर्खियों में हैं। जंगलों से कटाई रोक नहीं पा रहे हैं। अवैध रेत की तस्करी बंद नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन कार्यालय में बैठकर कर्मचारियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है । वन विभाग में कई कर्मचारी तो मौज उठा रहे लेकिन कई कर्मचारी प्रताड़ना से तंग आकर परेशान हो रहे हैं।

**अमरवाड़ा में रोड शो आज**

## मुख्यमंत्री यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष शर्मा जनता का व्यक्त करेंगे आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

अमरवाड़ा में रोड शो एवं आभार जनसभा में आमजनों को सम्बोधित कर जताएंगे आभारछिंदवाड़ा। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा जी एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके जी का 16 जुलाई दिन मंगलवार को विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त विजयश्री पर आमजनों का आभार प्रकट करने अमरवाड़ा नगर आगमन होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव जी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा जी एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जी का दोपहर 12:00 बजे अमरवाड़ा आगमन होगा। जिसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री जी, प्रदेश अध्यक्ष जी एवं मंत्री महोदया जी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। दोपहर 1:30 बजे माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथि रैली के रूप में जनता का आभार प्रदर्शन करते हुए बाईपास रोड स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचेंगे। जहां माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा जी एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके जी विशाल जन आभार सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं एवं जनता जनार्दन से अधिक से अधिक संख्या उपस्थित रहने की अपील की है।





### 21 जुलाई को रोपे जाएंगे 11 हजार पौधे

**छिंदवाड़ा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए देश के नागरिकों से आवाहन किया है कि एक पेड़ मां के नाम से जरूर लगाए। इसी पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने छिंदवाड़ा की जनता से अपील की है एक पौधा अपनी मां के नाम से अवश्य लगाये। 21 जुलाई को अजनिया टेकरी पर 11000 पौधे लगाए जाने हैं ज्यादा से ज्यादा लोग अपने बच्चों को लेकर अजनिया टेकरी प्रातः 9:00 बजे से पहुंचे और पर्यावरण का महत्व समझे।

### ननि में अटल नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ का गठन

**छिंदवाड़ा।** निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष केएल राय ने गत दिवस बजरी जोन कार्यालय में समस्त कर्मचारियों कि एक सामूहिक किया गया। जिसने कर्मचारी विजय मालवी के द्वारा जिलाध्यक्ष पद हेतु प्रीतम सिंह हेतु सुजीत नामदेव के नाम का प्रस्ताव रखा गया। उक्त प्रस्ताव का समर्थन हरिश गोदरे द्वारा किया गया साथ ही समस्त उपस्थित कर्मचारी द्वारा सर्व सहमति से प्रस्ताव को पास कर चयनित किया गया। बावचीय जिलाध्यक्ष इकाई अध्यक्ष द्वारा कर्मचारी को विश्वास दिलाया गया कि संगठन को मजबूत कर सभी कर्मचारियों के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जायेगा।उक्त बैठक में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने स्थायी व अस्थायी सदस्य की सदस्यता ग्रहण की है। जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया कि सदस्यता अभियान निरंतर चलता रहेगा। और कुछ ही दिनों में जिलो की और इकाई कार्यकारिणी का गठन किया जावेगा। जिलाध्यक्ष एवं इकाई अध्यक्ष ने समस्त कर्मचारियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। उपस्थित सभी कर्मचारियों का आभार प्रदर्शन राजेश बाजपेयी द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित कर्मचारी-अंकित बप्रैल, धमेन्द्र महोरे, मनोज आरगुडे, रेखन सिंह सूर्यवंशी, तेजेन्द्र गायकवाड, मोतीराम मोहतुरे राहुल राजपुत, हिमांशु गडकरी, आशीष काले, शैलेन्द्र माहोरे सुनील चौधरी दिलीप सूर्यवंशी, संदीप साहु द्वारका पहाडे, युवराज वर्मा, रविन्द्र सोलकी, विनोद बेचकर सतीश सूर्यवशी, अशोक माहोरे, कांति मालवी, राजेश गोहिया, अय्युब शाह, विशाल चौहान आदि अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## आज सीएम करेंगे 122.70 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का 16 जुलाई को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज शाम कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कारकेड व्यवस्था, संपूर्ण कार्यक्रम स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, मंच, ग्रीनरूम, टेंट, कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, मंच की साज-सज्जा, अतिथियों के स्वागत की व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की अधिकारीवार समीक्षा की और सभी तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री सिंह ने अमरवाड़ा पहुंचकर भी कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ.यादव लगभग दोपहर 12 बजे अमरवाड़ा पहुंचेंगे और टेलीफोन एक्सचेंज तिराहा से रैली में शामिल होंगे। रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री जी जनपद पंचायत अमरवाड़ा के समीप होटल तुलसा पहुंचेंगे जहां कार्यकर्ताओं से भेंट करने उपरांत 20 जुलाई को जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 के संबंध में सिवनी, बालाघाट और पांढुर्णा जिलों की वर्चुअल समीक्षा करेंगे, जिसमें छिंदवाड़ा जिले के अधिकारी व उद्योगपति भी उपस्थित रहेंगे। तुलसा होटल से मुख्यमंत्री डॉ.यादव सभा स्थल कृषि उपज मंडी प्रांगण अमरवाड़ा पहुंचेंगे। यहां पौधारोपण करने के उपरांत लगभग 122.70 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। अतिथियों के उद्बोधन के बाद हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा। जिसके उपरांत मुख्यमंत्रीजी सकरवाड़ा हेलीपैड से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

### गर्भवती महिलाओं को ममत्व कार्ड किये जा रहे हैं प्रदान

**छिन्दवाड़ा।** गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के ार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा जिले में सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला चिकित्सालय में सभी गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनकी एएनसी जांचे की जा रही हैं। जिले में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को रोकने के लिए नवाचार के रूप में सुरक्षित मातृत्व अभियान के अतंर्गत ममत्व कार्ड गर्भवती महिलाओं को प्रदान किये जा रहे हैं, जिसमें वर्तमान में सभी गर्भवती महिलाओं की 4 एएनसी जांचे समय पर मेडीकल ऑफीसर द्वारा करवाकर ममत्व कार्ड में भरी जा रही हैं। इसके अलावा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर (सीवियर एनिमिया, मोडरेड एनीमिया, पीआईएच और अन्य) उन सभी को आयरन सुक्रोज, ब्लड ट्रांसफ्युजन, पीआईएच उपचार एवं परामर्श समय पर दिया जा रहा है। जिनका विवरण ममत्व कार्ड में प्रदर्शित हो रहा है। अभी तक जिले में 33055 गर्भवती महिलाओं को ममत्व कार्ड प्रदान किया जा चुका है एवं 3600 महिलाओं को मोडरेट एनीमिया से सामान्य मोडरेट एनीमिया में और 237 महिलाओं को सीवियर एनीमिया से मोडरेट एनीमिया में लाया जा चुका है एवं 6841 महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराया जा चुका है।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**100 पौधे आम के और इतने ही पौधे काजू के लगाएं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के उद्यान विभाग की जमुनिया नर्सरी मे मुख्य अतिथि कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्ग दर्शन में 100 आम एवं100 काजू के पौधे का रोपण किया गया इसके तत्पश्चात शासकीय उद्यान रोपणी सहायक संचालक एम एल ऊईके, कृषि विभाग संचालक जितेंद्र सिंह एवं पशुपालन उपसंचालक डां पक्षवार , आर एस शर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन तहसीलदार श्री त्रिपाठी उद्यान अधीक्षक सालकराम चौकसे ने स्वागत किया एक पेड़ मां के नाम रोपण कर कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों को इस अभियान के तहत पौधारोपण कर सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं सबकी भागीदारी से इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें जिससे आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके तथा हम स्वच्छ वातावरण रह सके जिले के प्रत्येक नागरिक को एक फलदार , छायादार पौधों का अधिक से अधिक रोपण करें नर्सरी के उद्यान अधीक्षक सालकराम चौकसे ने बताया कि विभाग के द्वारा पूरे जिले मे लगभग 10000 पौधे उद्यान विभाग के द्वारा रोपित कराये जा रहा है रोपण के दौरान छायाचित्र वायुदूत एप अंकुर में अपलोड किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे

**दमुआः** नगर के डॉक्टर राजकुमार राय और उनके मित्रों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण का कार्य निरंतर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जारी है पिछले वर्षों में लगाए पौधे आज पेड़ बनकर तैयार है जो उनकी देखभाल के लिए भी उन्हें सुबह सवेरे जाकर पानी भी दिया करते हैं इस अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर प्रकृति की सुरक्षा का संदेश देते हैं डॉक्टर राय और उनकी टीम में डॉक्टर अनंत जैन अरविंद सिंह गुड्डू मिश्रा मुकेश सूर्यवंशी शामिल है डॉक्टर राय जी ने सभी आमजनों से आग्रह किया है कि सभी लोग पांच पौधे अवश्य लगाये और पर्यावरण की सुरक्षा कर हरा भरा बनाएं!



### राखी निर्माण विषय पर प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

रक्षाबंधन त्यौहार से पूर्व RSETI में हुआ राखी निर्माण विषय पर प्रशिक्षण सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI) इमलीखेडा छिन्दवाड़ा में आगामी रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रखते हुए 6 दिवसीय राखी निर्माण करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया | जिसमे छिन्दवाड़ा जिले के विभिन्न ब्लॉक की 70 महिला प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया | प्रशिक्षण का शुभारंभ 10 जुलाई को किया गया था | राखी निर्माण का प्रशिक्षण उज्जैन से आई हुई मास्टर ट्रेनर श्रीमति जानकी माथुर जी के द्वारा एवं सामान्य उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण आरसेटी के स्टाफ के द्वारा दिया गयाI इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक अरविन्द कुमार, संकाय प्रथम सौरभ पटेल एवं संकाय द्वितीय दुर्गेश ठाकुर शामिल रहे।

कार्यक्रम का समापन सोमवार को आरसेटी के निदेशक अरविन्द कुमार एवं आजीविका मिशन छिन्दवाड़ा से डी एम (कौशल) सुक्कन कवडे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न किया गया जिसमे सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। सभी प्रतिभागियों को जल्द से जल्द अपना व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया।

## सरपंच संघ ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन

**पंचायतकर्मी सहित अन्य लोगों ने मिलकर सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सोमवार को सरपंच संघ की ओर से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार श्रीमती भावना मलगाम को ज्ञापन सोपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। सरपंच संघ सौंसर की ओर सोपे ज्ञापन में बताया कि म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामिण विकास के पत्र के पारीत आदेश को तत्काल निरस्त किया जाये,सी.एम. हेल्प लाईन 181 शिकायत दर्ज करते समय आधार कार्ड अनिवार्य किया जाये बाहारी व्यक्ति की शिकायत दर्ज ना किया जाये। एवं फर्जी शिकायत दर्ज करने पर एफ.आई.आर. दर्जकर कार्यवही का प्रावधान किया जाये। मुख्य मंत्री की घोषना के अनुसार लाडली बहना एवं प्रधानमंत्री ग्रामिण आवास ओजना का आरंभ किया जाये प्रधान मंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्र एवं ग्रामिण क्षेत्र स्विकृत शी समान की जावें। ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों के सिएसआर दर के समान किया जायें ।दान पंचायत के अधिनिष्त अन्य समस्त विभागो पंधरावित्त आयोग की टाईट एवं अटाईट की बाध्यता समाप्त होना चाहिए। कर्मचारीयो का वेतन पत्रक में ग्राम पंचायत का मुखिया होने के नाते वेतन पत्रक में हस्ताक्षर अनिवार्य किये जायें। त्रिस्थितरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित सरपंच का मान देय 4250 में वृद्धी होनी चाहिए।शासन द्वारा समस्त वृद्धा अवस्था पेंसन योजनाओ में बी.पी.एल. कि अनिवर्यता समाप्त कि जाये। 9. कोई भी कार्य ग्राम पंचायत के अन्तर्गत होता है उसकी एन.ओ.सी. ग्राम पंचायत से लिया जाये। इस दौरान सरपंच संघ सौसर के सूर्यवंशी के सरपंच सुनील जोगी, सूर्यभान चिकटे, दिनेश भलावी,पंकज दातारकर,गोमाजी उइके, संदीप बाहतकर, हरीश धुर्वे,गणेश बावने,अनिल परतेती,यमुना मसराम, इंद्रायणी वाडोदे,मिनाक्षी भांगे,प्राची केचेसुधाकर सनेसर,अनिल सोमकुवर,मनोज ठाकरे आदि थे।

**कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में निर्मित नाडेप टांकों में जैविक खाद हो रही है तैयार**

# भारत सरकार ने सराहा छिंदवाड़ा का नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा विगत 2 माह पूर्व नवाचार करते हुए जिले में निर्मित अनुपयोगी पड़े नाडेप टांकों को तकनीकी रूप से भरवाकर जैविक खाद निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया गया। इसके लिए कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन में कृषि विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के अमले ने मिलकर ग्रामीणों को इन नाडेप टांकों को सही ढंग से भरने के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया, जिससे अच्छी गुणवत्ता की जैविक खाद प्राप्त हो सके और रासायनिक खाद पर निर्भरता कम हो सके। नाडेप टांकों के माध्यम से कचरे से जैविक खाद निर्माण के इस नवाचार को भारत सरकार द्वारा सराहा गया है । भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने अपने पोर्टल पर इसकी स्टोरी का प्रकाशन किया है और कलेक्टर श्री सिंह के प्रयासों की सराहना की है। जिले की इस उपलब्धि पर राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्लानिंग एंड मैनेजमेंट यूनिट से क्षमता वर्धन और प्रचार-प्रसार विशेषज्ञ ईशा सिंह ने कलेक्टर श्री सिंह को बधाई संदेश प्रेषित किया है।

### नाडेप टांकों का उपयोग करने का निर्णय लिया

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के फेज 02 के अंतर्गत जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु ग्रामों में नाडेपों का निर्माण कराया गया है। लेकिन कलेक्टर श्री सिंह ने फील्ड विजिट के दौरान पाया कि अधिकांश नाडेप टांकों का समुचित उपयोग नहीं हो रहा था। जिसके बाद उन्होंने नवाचार करते हुए जिले में जैविक खाद को बढावा देने के लिए इन नाडेप टांकों का उपयोग करने का निर्णय लिया। साथ ही इस कार्य में ग्रामीणों को ही शामिल करने का निर्णय लिया गया, जिससे एक ओर जहां गांव में बने इन टांकों का शत-प्रतिशत उपयोग कचरे से खाद बनाने में होने लगा है।

### लगभग 68050 व्यक्तियों ने सहभागिता की

इस नवाचार के तहत कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के तकनीकी अमले एवं जनपद स्तरीय अमले को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये और निर्मित नाडेपों में खाद सामग्री भरने के लिए 02 माह, 01 मई से 30 जून 2024 तक की समय सीमा निर्धारित की गई। स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य मदो के अंतर्गत निर्मित लगभग 8507 नाडेपों में खाद बनाने के लिए इन्हें भरवाने का कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें लगभग 68050 व्यक्तियों ने सहभागिता की, जिसमें कृषक, ग्रामीण समुदाय, स्व-सहायता समूह की सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि आदि सभी शामिल थे। मॉर्निंग फॉलोअप के द्वारा किसानों एवं हितग्राहियों को नाडेप उपयोग एवं जैविक खाद उपयोग से खेतों की उर्वरता बढ़ाने के बारे में समझाईश दी गई। जिससे उन्हें नाडेप की उपयोगिता पता चली।

## 17 जुलाई को मनाया जाएगा मोहर्रम का पर्व, प्रशासन ने की पूरी तैयारियां

# मोहर्रम के मौके पर नगर में ताजियों एवं अखाड़े का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर की अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाए जाने हेतु नागरिक बंधुओ से चर्चा की गई। और व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश दिए। जिसमें तहसीलदार श्रीमती प्रीति पटेल एसडीओपी राजेश बंजारे एस आई मुकेश डोंगरे अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन राजेंद्र सूर्यवंशी नगर पालिका प्रशासन से सुशील विशाल एवं पत्रकार गण नागरिक उपस्थित थे। ज्ञात रहे कि माह ए मोहर्रम के मौके पर नगर में ताजियों का जुलूस निकाला जाता है। जो शहर का गश्त करते हुए कर्बला मैदान पहुंचेंगा। कर्बला मैदान में अखाड़ों का प्रदर्शन होगा ।जिसमें आजाद हिंद अखाड़ा, कौमी एकता अखाड़े के खिलाड़ियों ने लाठी बनेठी पटा से करतब दिखाया जाएगा । कई स्थानों से सवारियां उठेगी जो नगर गश्त करती हुए कर्बला मैदान पहुंचेगी। मोहर्रम के मौके पर अकीदतमन्दो द्वारा जगह-जगह लंगर ए हुसैन का वितरण होगा । नगर के पुराने बस स्टैंड अंबेडकर चौक चर्च तिराहा सब्जी बाजार सहित जगह-जगह लंगर ए हुसैन का वितरण किया जाता है।



### सीएम के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे सांसद

**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कमलेश शाह के विजयी होने पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा कल अमरवाडा के मतदाताओं का आभार व्यक्त करने हेतु आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन को ले कर सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा शासन प्रशासन एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों पर चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।

### हनुधाम किशनपुर मंदिर में बैठक आज

**बिछुआ-** ॐ श्री हनुधाम मंदिर किशनपुर में विशेष बैठक आहूत की गई है,हनुभक्त नारायण सोनी जी ने जानकारी दिए की उक्त बैठक में गुरु पूर्णिमा पर्व के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की जाएगी,बैठक आज दिन मंगलवार को समय दोपहर 12.00 बजें रखीं गई है।

## रवि बने राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला पांढुरना अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की बैठक आज जिला पांढुर्णा में संपन्न बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पूर्व उपसरपंच एवं जनपद सदस्य रवि खापरे को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला पांढुरना अध्यक्ष नियुक्त किया। इस बैठक में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की कार्यप्रणाली को सुचारु रखना एवं कांग्रेस के संगठन को मजबूती प्रदान करना इस विषय पर चर्चा हुई।संगठन में महिलाओं के नेतृत्व को बढाने के लिए इंदिरा फेलोशिप का काम अब जिला पांढुर्णा में शुरू हो गया है। इसमे मुख्य रूप से आधी आबादी पूरा हक की विचारधारा को लेकर काम होगा। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय सचिव गीता कड़वे ने अपने उद्बोदन में बताया की जब तक पंचायतों की नीव मजबूत नहीं होगी तब तक लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता। है। इसके साथ ही क्षेत्र में पंचायत स्तर पर कार्य किया जाएगा ताकि कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके। इस मौके पर मुख्य रूप से सुश्री गीता कड़वे राष्ट्रीय सचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, सुनील बुधराजा, सुनील जुननकर, श्रीकांत महाजन,जयंत घोड़े, लता तुमड़ाम,भीमराव वालके, ताहिर पटेल, समेत महिला संगठन के पदाधिकारी, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता, सरपंच, जनपद सदस्य और अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करने वाली छाया साहू सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

एम. पी. प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनोद सूर्यवंशी ( भोपाल ) और म.प्र. कल्चुरी समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता सूर्यवंशी ( भोपाल ) ने अपने दम पर जिले में एक अलग पहचान बनाने वाली शक्ति नगर निवासी छाया साहू को 3 गर्ल्स हॉस्टल और टिफिन सेवा के उत्कृष्ट संचालन हेतु सम्मानित किया । उन्हें श्री फल , शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की जमकर सराहना की ।सनद रहे कि श्रीमति साहू इन गर्ल्स हॉस्टल में ऐसी छात्राओं को प्रवेश देती हैं जिनको सरकारी छात्रावास में जगह नहीं मिल पाती और जिम्मेदार पालक अपनी बेटी को शहर में अलग रूम लेकर नहीं रखना चाहते । उन सब के लिए यह छात्रावास एक वरदान है जहां घर जैसी सुविधाएं उपलब्ध है ।श्रीमति साहू ने इन हॉस्टलों और टिफिन संचालन सेवाओं में लगभग 20 महिलाओं को सेवाओं में रखा है जो ससुराल से या पति प्रताड़ना से त्रस्त हैं , उनके छोटे छोटे बच्चे भी हैं । इस प्रकार 20 जरूरतमंद महिलाओं के परिवार का भरण पोषण और स्वयं के परिवार का भरण पोषण का सराहनीय कार्य है ।एक महिला द्वारा यह सब किया जाना नारी सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है । एम. पी. प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सूर्यवंशी को जब यह पता चला तो वह स्वयं को रोक नही पाए और पूरी टीम के साथ छिंदवाड़ा आकर छाया साहू का सम्मान किया । इस अवसर पर महिला उत्थान आश्रम की संचालक साध्वी नीलू बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर , रंजना भगत , सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू ,जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष अभय जैन , नरेंद्र सूर्यवंशी , आनन्द सूर्यवंशी , मनोज हिवसे , हर्षवर्धन साहू , सतीष पवार , हेमराज पटले आदि ने शुभकामनाएं दी ।

## कन्हान बचाओ मंच की बैठक में खदान खोलने पर चर्चा



**जुन्नारदेव।** कन्हान बचाओ मंच व संयुक्त मोर्चे की कल विशेष बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्र में लगातार व्यापार व्यवसाय को बचाने के लिए व्यापार हित में आवाज उठाने के रूप में यहां मंच हमेशा सर्वोपरि रहा है. इस बैठक में नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू का स्वागत एवं कन्हान के अस्तित्व को बचाने के लिए क्षेत्र की खदानों को खोलने के लिए चर्चा की गई। एवं साथ में कोल मंत्री के समक्ष जो उन्होंने खदान खोलने का प्रस्ताव दिए उसके लिए एक धन्यवाद रैली का आयोजन की रूपरेखा बनाई गई।इस संयुक्त मोर्चे की बैठक में कन्हान पदाधिकारी के साथ संयुक्त मोर्चे के समस्त पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## शिक्षक शिववेदी को शिक्षा रत्न से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



रविवार को ग्लोकल विश्वविधालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी. के. भारती के दिशानिर्देशन में ग्लोकल विश्वविद्यालय के सभागार में ₹अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन-2024₹ आयोजित किया गया ।इस अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन का शुभारंभ कार्यक्रम के अतिथिगण एवं विश्वविद्यालय के शीर्ष अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत अतिथियों को सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले, जनपद सहारनपुर सहित देश के अन्य पन्द्रह राज्यों से आए लगभग 300 से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर विभूषित किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगगुरु पद्मश्री डॉ. भारत भूषण, उत्तर प्रदेश सरकार में विशेष सचिव, परिवहन विभाग अखिलेश कुमार (आईएएस), सहारनपुर के शहर काज़ी, काजी नदीम अख्तर, पद्मश्री डॉ. राजन सक्सेना, पद्मश्री चौ. सेठपाल सिंह सहित ग्लोकल विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. एस. के. शर्मा, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. पी. के. मिश्रा एवं कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. एस.पी. पाण्डे,प्रतिकुलपति (आयुष) प्रोफेसर डॉ. जॉन फ़िनबे एवं प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। ग्लोकल विश्वविधालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी. के. भारती ने संबोधित किया कि ये बड़े ही गर्व का विषय है कि ग्लोकल विश्वविद्यालय में ₹अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन-2024₹ आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बेहतर व उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये ग्लोकल विश्वविधालय विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत देश-विदेश के हजारों छात्र-छात्राएं यहाँ शिक्षा ग्रहण कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं।इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने प्रदर्शन से सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### परहा लगाने गई महिला को सर्प ने काटा, सिविल अस्पताल में भर्ती

**लांजी।** बारिश का मौसम शुरू होते ही सर्पदंश की घटनाएं बढने लगी हैं। बारिश का पानी बिल में घुसने से सांप बाहर निकल रहे हैं। इस कारण सांप काटने की घटनाएं भी बढने लगी हैं। इसी प्रकार लांजी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम टिमकीटोला में 15 जुलाई की सुबह 9.30 बजे एक महिला को सर्प ने काट लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम टिमकीटोला निवासी महिला यशवंती दमाहे 30 वर्ष रोजाना की तरह खेत में परहा लगाने के लिये गई थी जिसे खेत में सर्प ने काट लिया। महिला को सर्प के काटने पर परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। जहां उसकी हालत खतरे

## रेलवे स्टेशन निरीक्षण के नाम डीआरएम ने की खानापूर्ति

# अचानक से शेड्यूल में किया परिवर्तन, 10 मिनट भी नहीं रुकी डीआरएम

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती नमिता त्रिपाठी ने करीब 09 महीने बाद आज सोमवार को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ रेलवे स्टेशन कटंगी के निरीक्षण की खानापूर्ति की. उन्होंने अचानक से अपने शेड्यूल में परिवर्तन कर दिया. जिस कारण जनता डीआरएम को अपनी समस्याओं से अवगत नहीं करा पाई. डीआरएम सुबह करीब साढ़े 08 बजे ही रेलवे स्टेशन कटंगी पहुंच गई. जबकि पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें 09 बजे कटंगी स्टेशन पहुंचना था और यहां 40 मिनट तक निरीक्षण करने के बाद आगे की ओर रवाना होना था किंतु वह 10 मिनट भी कटंगी स्टेशन में नहीं रूकी और बिना स्टेशन का निरीक्षण किए ही आगे की ओर रवाना हो गई. डीआरएम के निरीक्षण के शेड्यूल में अचानक से किन कारणों से बदलाव किया गया इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है. हालांकि उनके तय कार्यक्रम में परिवर्तन होने की सूचना देर रात मिलते ही ब्रॉडगेज संघर्ष समिति, रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारी और कुछ पत्रकार स्टेशन पहुंच गए. जिन्होंने रेलवे स्टेशन कटंगी की विभिन्न समस्याओं से डीआरएम को अवगत कराया और कुछ मांग भी रखी. दरअसल, डीआरएम के कटंगी आने की सूचना मिलने पर आम जनता और प्रतिदिन रेल का सफर करने वाले रेल यात्री उनसे संवाद करना चाहते थे ताकि वह रेल से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत करा सकें. मगर, आज जब डीआरएम कटंगी पहुंची तो वह यान से उतरने को तैयार नहीं थी किंतु जब ब्रॉसंस पदाधिकारी और पत्रकारों ने उनसे अनुरोध किया तब उन्होंने स्टेशन में अपने कदम रखें. अन्यथा वह सीधे बालाघाट रवाना होने की फिराक में थी।



**रेल फैन से इन विषयों पर हुई चर्चा:** रेल फैन विवेक शर्मा ने डीआरएम नमिता त्रिपाठी को बताया कि रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाला एप्रोच मार्ग (पुराना पेट्रोप पंप चौक से रेलवे स्टेशन तक) बेहद खराब है. इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर 02 जिसका कार्य करीब ढाई वर्ष पहले ही स्वीकृत हुआ है परंतु 06 महीने से कार्य बंद है इसे शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी. विवेक शर्मा ने कटंगी रेलवे स्टेशन के दोनों ही प्लेट फार्म की लंबाई 600 मीटर तक बढ़ाने, पेयजल व्यवस्था, सुलभ प्रसाधन को दुरूस्त कराने की मांग रखी. वहीं तिरोड़ी के रेलवे ओवर ब्रिज की स्थिति से अवगत करवाया.तिरोड़ी स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण जो कि स्वीकृत है परंतु अब तक टेंडर नहीं हुआ है. इसका शीघ्र ही टेंडर कराए जाने की मांग रखी. रेल फैन विवेक शर्मा ने नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन कर गाड़ी संख्या 11201/11202 को कटंगी की तरफ से चलाने का सुझाव दिया और मांग भी की. डीआरएम ज्ञापन प्राप्त करने के बाद ना तो समस्याओं के निराकरण का कोई भरोसा दे पाई और ना ही कोई आश्वासन दिया है. वह ज्ञापन लेकर केवल टालमटोल करने वाले जवाब ही देती रही।

**यात्रियों को हुई परेशानी:** डीआरएम भले ही निरीक्षण के नाम पर कटंगी स्टेशन खानापूर्ति करने के लिए आई थी. मगर, उनके आने से सैकड़ों यात्रियों को आज परेशानियों का सामना करना पड़ा. यात्री और स्कूली विद्यार्थी अपने गंत्वय स्थल तक समय पर नहीं पहुंच पाए. जैसा कि डीआरएम का यान परख जब गोबरवाही से कटंगी की तरफ निकलने ही वाला था. मगर, इस यान के लिए गोंदिया की तरफ से कटंगी होकर तिरोड़ी की ओर जाने वाली यात्री ट्रेन संख्या 07801 को कटंगी में रोक दिया गया. वहीं जब 30 मिनट बाद परख यान कटंगी पहुंचा तब यात्री ट्रेन को तिरोड़ी की ओर रवाना किया गया. जबकि कटंगी से तिरोड़ी की दूरी महज 10 मिनट की है. ऐसे में ना सिर्फ यात्री ट्रेन तिरोड़ी लेट पहुंची बल्कि तिरोड़ी से गोंदिया की ओर वापस भी लगभग 45 मिनट विलंब से रवाना हुई. जिससे रेल यात्रियों में भारी आक्रोश दिखाई दिया. यात्रियों ने रेल विभाग में चल रहे इस वीआईपी कल्चर पर विरोध प्रकट किया।

## बनकर ने लिया 1100 पौधे रोपने का संकल्प जन्मदिन पर रोपे 51 पौधे



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासन द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या में पौधे लगाने का कार्य किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में रामपायली के प्रतिष्ठित नागरिक सीताराम बनकर ने अपने जन्मदिन पर मोहगॉव पुलिया से लेकर नीम वाले बाबा की दरगाह तक लगभग 51 पौधे रोपे और उनके संरक्षण की जवाबदारी भी ली। वहीं उन्होंने अपने जन्मदिन 1100 पौधे लगाने का संकल्प भी लिया हैं। श्री बनकर ने बताया कि उनके जन्मदिन पर बाल मित्रों द्वारा पौधे भेंट दिए गए थे, जिन्हें उनके द्वारा रोपा गया हैं। नगर के प्रत्येक व्यक्ति से अपील करते हुए कहा कि इस वर्षा काल के मौसम में हम सभी एक वृक्ष लगाने का दायित्व निभाये, ताकि मौसम के परिवर्तन को हम अपने प्रयासों से कुछ हद तक सुव्यवस्थित करने में सफलता प्राप्त कर सकें।उन्होंने बताया कि वह अपने संकल्प के अनुसार लगातार नगर के उन इलाकों में वृक्षारोपण कर रहे हैं, जहां वृक्षों की कमी देखी जा रही हैं। वह उनकी सुरक्षा का दायित्व का निर्वहन भी भली भांति करेंगे।

## ग्राम पालडोंगरी के शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला का मामला

# शिकायत के बाद भी नहीं हो पाई एकीकृत विद्यालय में पानी की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** वैसे तो सरकार बच्चों की शिक्षा के लिए लाखों करोड़ों रूपये खर्च करती हैं, लेकिन इतना पैसा खर्च होने के बावजूद भी स्कूलों में पानी की कोई व्यवस्था नहींए लांजी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पालडोंगरी से है जहां शासकीय प्राथमिक माध्यमिक एकीकृत शाला मे पेयजल संकट को लेकर रसोईया महिलाओं की दिक्कत बनी हुई है। स्कूल की बोर की मोटर खराब हो जाने के कारण बच्चों को पीने का पानी भरपूर मात्रा में नहीं मिल पा रहा है। वहीं इस मामले में विगत 10 दिनों पूर्व भी विभिन्न समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था। जिस पर उनके द्वारा दो दिवस के भीतर समस्या से निजात दिलाये जाने की बात कही गई थी परंतु आज 10 दिन बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस हैं। दूसरी ओर जब ग्राम पालडोंगरी के शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला के पानी की समस्या का शिकायत के बाद भी निराकरण नहीं होने की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय से की गई तो उन्होने इस संबंध में बीआरसी से जानकारी लेकर समाधान कराने की बात कही है। जबकि लगभग 110 बच्चों की संख्या वाले इस विद्यालय में शिक्षक और बच्चे पानी के लिये पूरी तरह रसोईया महिलाओं पर निर्भर है जो विद्यालय में भोजन के साथ-साथ पानी भी भरने का कार्य करने के लिये विवश है। वहीं शिक्षक भी अपने लिये पानी की व्यवस्था इन्हीं रसोईया महिलाओं के लाये हुए पानी से करते है।



**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार लांजी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पालडोंगरी के एकीकृत प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय की एकमात्र शासकीय प्राथमिक माध्यमिक एकीकृत शाला में पेयजल संकट को लेकर रसोईया महिलाएं काफी परेशान है। जिन्हें शाला में मध्यान्ह भोजन बनाने एवं बच्चों के पीने के लिये पानी की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ रही है और शाला से लगभग आधा किमी दूर स्थित हैंडपंप या अन्य संसाधनों से पानी की व्यवस्था करने के लिये विवश होना पड़ रहा है। वहीं इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन द्वारा भी अनेकों बार विभाग को पत्राचार करने के बाद भी आज तक इस दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा सके हैं। जबकि उक्त शाला में प्राथमिक और माध्यमिक मिलाकर कुछ 110 बच्चे अध्ययन करते है जिन्हें मध्यान्ह भोजन के साथ.साथ पीने के लिये पानी भी चाहिए होता है परंतु विद्यालय के हैंडपंपों और बोर में लगी मोटर खराब होने से पिछले एक वर्ष से भी ज्यादा समय से उन्हें भरपूर पानी नहीं मिल पा रहा है।

### इनका कहना है

मुझे पालडोंगरी के शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मे पानी के लिये हो रही समस्या को लेकर बीआरसी शिवेंद्र उके द्वारा पानी की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया है। जिसके बाद विभाग के कर्मचारियों द्वारा उक्त स्थल का निरीक्षण भी किया गया जहां देखा गया है की पानी की मोटर अंदर फंसी हुई है जिसे निकालने के लिये प्रयास जारी है। वहीं रसोईया महिलाओं की परेशानी को देखते हुए विद्यालय में शीघ्र ही नलजल योजना के तहत कनेक्शन करा दिया जाएगा।

**एच.के. बागेश्वर,एसडीओ**
**पीएई विभाग लांजी**

## जुर्माने की राशि जमा कर जेल से आजाद कराया युवा को

# हम फाउंडेशन के सहयोग से जेल से रिहा हुआ युवक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जुर्माने की राशि नहीं पटाने के कारण सजा के बढने की आशंका से ग्रसित वारासिवनी उपजेल में बंद एक युवक को हम फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्यों की सह्दयता के कारण उपजेल से छुटकारा मिल गया। इस मामले के सामने आने से नागरिकों द्वारा हम फाउंडेशन के इस नेक कार्य की सराहना की जा रही हैं।

जानकारी अनुसार कटंगी क्षेत्र के ग्राम नंदोरा निवासी धमेन्द्र पिता रमेश नागेश्वर 28 वर्ष खेती का कार्य करता था। वह जुलाई 2019 में सुरेश पाल पिता शेषराम कुंभरे के साथ ग्राम नंदोरा से कटंगी बाईक से काम से जा रहा था। जब वह ग्राम पाथरवाड़ा के नजदीक पहुँचे, तब एक अन्य बाईक से उनकी टक्कर हो गई। इस टक्कर के बाद वह लोग वहॉ से चले गए। लेकिन इस बीच दूसरे बाईक सवार ने उनके खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। जिसके बाद पुलिस ने 16 अगस्त 2023 को धमेन्द्र पिता रमेश नागेश्वर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं न्यायालय में प्रकरण पेश होने के बाद न्यायालय से उसे 11 जनवरी 2024 को एक वर्ष की सजा सुनाते हुए 4500 रुपये के अर्थदंड से दंडित करते हुए जेल भेज दिया। वहीं अर्थदंड नहीं जमा करने पर उसे 3 माह के कारावास की अतिरिक्त सजा भी सुनाई थी।

धमेन्द्र नागेश्वर द्वारा 11 माह की सजा भुगतने के बावजूद 4500 रुपये अर्थदंड जमा नहीं करने के कारण उसे 3 माह की सजा और भुगतने की नौबत आ गई थी। इसी दौरान 14 जुलाई 24 को हम फाउंडेशन के द्वारा उपजेल वारा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान ही हम फाउंडेशन के पदाधिकारियों को इस बात की जानकारी मिली कि अर्थदंड जमा नहीं करने के कारण धमेन्द्र नागेश्वर को 3 माह तक और जेल में रहना पड़ेगा।

इस बात की जानकारी मिलने के बाद हम फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जेल प्रशासन से चर्चा की और फिर धमेन्द्र नागेश्वर के अर्थदंड की राशि जमा करने का निश्चय किया। जिसके बाद उपजेल अधिकारियों से चर्चा कर हम फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा धमेन्द्र नागेश्वर के अर्थदंड की राशि जमा करवाई गई। जिसके बाद जेल प्रशासन द्वारा 15 जुलाई को धमेन्द्र नागेश्वर को जेल से रिहा कर दिया गया।

अपनी रिहाई के बाद धमेन्द्र नागेश्वर ने हम फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उसने तो जेल से छूटने की आस ही खो दी थी। उसे लग रहा था कि उसे 3 माह और जेल में रहना पड़ेगा। लेकिन हम फाउंडेशन द्वारा उसकी अर्थदंड की राशि जमा करने के कारण वह आज खुली हवा में सॉस ले रहा हैं। हम फाउंडेशन के इस कार्य की नगर में भूरी-भूरी प्रशंसा व सराहना की जा रही हैं।

# पुलिस ने भारी मात्रा में युवकों के साथ पकड़ी अवैध शराब

**पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के द्वारा अवैध शराब निर्माण कर विक्रय करने वाले आरोपियो के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डूंडासिवनी किशोर वामनकर के नेतृत्व मे अवैध रूप से शराब निर्माण कर विक्रय करने वाले आरोपियों की पतारसी के दौरान थाना डूंडासिवनी में दिनांक 13/07/2024 को मुखबिर सूचना पर चूनाभट्टी से जबलपुर बायपास रोड समीर अग्रवाल की धान मील के पास दबिश दी गई।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दो व्यक्ति स्कूटी क्र. एम. पी. 22 एस.ए.9193 मे चूनाभट्टी से बायपास रोड पर जा रहे थे। स्कूटी को चैक करने पर स्कूटी चालक के पैर के पैरदान एवं पीछे बैठे व्यक्ति के बीच रखे पांच थैलो के अंदर छः खाकी रंग के कार्टून रखे हुये थे। बंद कार्टूनो को तलबी गवाहो के समक्ष खुलवाकर देखा गया जो खाकी रंग के छः कार्टूनो में देशी प्लेन मदिरा के प्रत्येक में 50-50 नग प्रत्येक की मात्रा 180 180 एम.एल. कुल मात्रा 300 नग कुल 54,000 मि.ली. जिसके (54 ft.) कीमती 21,000 (इक्कीस हजार रूपये) जिसमें देशी मदिरा प्लेन के 250 नग के स्टीकर पर देशी मदिरा प्लेन B.No.138 जून 2024 एवं देशी मदिरा प्लेन के 50 नग के स्टीकर पर देशी मदिरा प्लेन B.No.121 जून 2024 लेख है को जप्त किया गया है। आरोपी अस्मित उर्फ ईश्वर पिता अनिल माना ठाकुर उम्र 19 वर्ष निवासी पुरानी गल्ला मण्डी के पास गंज वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी थाना सिवनी एवं स्कूटी में पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पीयुष पिता दीपक माना ठाकुर उम्र 18 साल निवासी गंज वार्ड सिवनी थाना सिवनी के व्दारा भारी मात्रा मे अवैध रूप से शराब का परिवहन कर बेचने के उद्देश्य से कब्जे में रखना पाये जाने से आरोपियो के विरूध्द अपराध क्रमांक 288/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर उक्त दोनो आरोपियो को ज्यूडीशियल रिमांड पर भेजा गया है। जप्ती पत्रक – (1) छः कार्टूनो में देशी प्लेन मदिरा के प्रत्येक में 50-50 नग प्रत्येक की मात्रा 180 180 एम.एल.कुल 54,000 मि.ली. कीमती 21,000 (इक्कीस हजार रूपये) (2) एक्टिवा 6G स्कूटी क्र. MP22SA9193 कीमती 60000/- रुपये कुल जुमला 81000/- रुपये सराहनीय कार्यः- निरीक्षक किशोर वामनकर, उप निरीक्षक अर्पित भैरम प्र. आर. 366 शेखर बघेल, 164 मनोज बघेल, चीता स्टाफ आर. 149 विनोद बोपचे, चालक आर. 527 चन्द्रदीप हिवारे सैनिक 24 रवेन्द्र उइके, सैनिक 184 वकील खान थाना डूंडासिवनी।

# सागौन के चार पेड़ काटने वाले 11 तस्कर गिरफ्तार, 10 पहुंचे जेल

## सात आरा, मोबाइल व तवेरा जब्त

**सिवनी के दक्षिण सामान्य वनमंडल के कुरई वन परिक्षेत्र के धनौली जंगल में सागौन के पेड़ चोरी हो जाते, लेकिन आपसी विवाद ने पोल खोल दी। दरअसल, हुआ है कि जंगल में सागौन पेड़ों को काटने तवेरा से आए थे।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कटाई से तैयार सागौन लठ्ठों का परिवहन करते इससे पहले उनके बीच विवाद हो गया। पेंच टाइगर रिजर्व के खवासा बफर वन परिक्षेत्र अमले ने घेराबंदी कर तवेरा में सवार सिवनी, कान्हीवाड़ा और आमाझिरिया क्षेत्र निवासी 11 आरोपितों को पकड़कर कुरई वन परिक्षेत्र के अमले को सौंप दिया है तस्करों ने धनौली जंगल से चार पेड़ों की कटाई कर करीब 6.63 घनमीटर के सागौन लट्ठे तैयार किए थे। आरोपितों से वन अमले ने पेड़ों की कटाई में उपयोग सात आरा के अलावा सात मोबाइल फोन व एक चौपहिया वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार 11 आरोपितों में से 10 को जेल भेज दिया है। एक आरोपित को बरघाट क्षेत्र में सागौन तस्करी से जुड़े मामले में रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है। पेंच पार्क के खवासा बफर अमले ने सागौन तस्करों को रूखड़ के पास घेराबंदी कर पकड़ा है। वन अधिकरियों के अनुसार पेड़ों की कटाई के दौरान आरोपितों के बीच कटाई की मजदूरी को लेकर विवाद हो गया। इसके चलते सागौन पेड़ों को मौके पर छोड़कर आरोपित रूखड़ से वापस लौट रहे थे, तभी वन अमले ने आरोपितों को पकड़ लिया।

### ये हुये गिरफ्तार

मंडला रोड आमाझिरिया गांव निवासी शिवराम पुत्र चैनसिंह उइके, रामू पुत्र चैनसिंह उइके, कृष्णा पुत्र पुरूषोत्तम गिरी, अरूण पुत्र संतोष पंद्रे, रंजीत पुत्र सुकलाल उइके, संदीप पुत्र समरू पंद्रे, कान्हीवाड़ा खैरी निवासी ताहिर पुत्र शेख मुल्ला खान, जाकिर पुत्र रहीम खान, कान्हीवाड़ा खुर्सीपार निवासी शाकिर पुत्र सफीद्दा खान, बालकृष्ण पुत्र बराती भरिया, सिवनी हड्डीगोदाम निवासी अरशद पुत्र अब्दुल करीम खान को गिरफ्तार किया गया है।

# अनंत अंबानी और मुकेश अंबानी के नाम से आ रहा फ्री रिचार्ज वाला मैसेज ?

## स्कैमर कर रहे फ्री रिचार्ज के नाम पर लोगों को ठगने की कोशिश, भूलकर भी न करें क्लिक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अनंत अंबानी और मुकेश अंबानी के नाम पर फ्री रिचार्ज वाला फर्जी मैसेज वायरल हो रहा है। इस मैसेज में यूजर्स से फ्री रिचार्ज के नाम पर ठगी करने की कोशिश की जा रही है। अगर, आपको भी ऐसा मैसेज मिल रहा है तो इस मेसेज को भूलकर भी क्लिक न करें। ज्ञात हो कि साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए रोज नए-नए तरीके ला रहे हैं। ऐसे में स्कैमर्स ने लोगों को ठगने के लिए एक और नया तरीका ढूंढ़ लिया है। इस बार भी स्कैमर लोगों को चूना लगाने के लिए अनंत अंबानी और मुकेश अंबानी के नाम का सहारा लिया है। स्कैमर्स लोगों को अनंत अंबानी और मुकेश अंबानी के नाम से फ्री रिचार्ज वाला एक मैसेज भेज रहे हैं, जिसके साथ एक फर्जी लिंक दी गई है। लोगों से कहा जा रहा है कि इस लिंक पर क्लिक करे और फ्री में 3 महीने का फ्री रिचार्ज पाएं। स्कैमर द्वारा मैसेज जिसमें फ्री रिचार्ज के लिए लिंक पर क्लिक करने के लिए कहा जाता है। स्कैमर्स द्वारा मैसेज में लिखा है, 12 जुलाई को अनंत अंबानी की शादी होने की खुशी में मुकेश अंबानी जी दे रहे हैं पूरे भारत को फ्री में 799 वाला 3 महीने का फ्री रिचार्ज। तो अभी नीचे नीले रंग की लिंक पर क्लिक करके अपने नंबर पर रिचार्ज करें। इसके बाद एक लिंक दिया गया है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब स्कैमर ने फ्री रिचार्ज के नाम पर लोगों को ठगने की कोशिश की है। बीते चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी के नाम नाम का उपयोग करते हुए भी ऐसा ही व्हाट्सएप मैसेज वायरल हुआ था। तथा पिछले साल अगस्त में भी एक ऐसा ही वाट्सऐप मैसेज वायरल हुआ था, जिसमें दावा किया जा रहा था कि केन्द्र सरकार द्वारा 'फ्री मोबाइल रिचार्ज योजना' के तहत सभी भारतीय यूजर्स को 28 दिन का रिचार्ज फ्री में दे रही है। इस मैसेज को भी PIB फैक्ट चेक की टीम ने गलत बताया था। फ्रीलांसर जर्नलिस्ट जितेंद्र सिंह द्वारा जनहित में जारी समाचार के माध्यम से अपील की जाती है कि यदि आपको भी इस तरह के फ्री रिचार्ज या फिर फ्री गिफ्ट जैसे कोई भी मैसेज मिलते हैं, तो उन्हें ब्लॉक करें और तुरंत रिपोर्ट करें। अगर, आपने गलती से भी इस मैसेज में दिए लिंक पर क्लिक किया तो आपको भारी नुकसान हो सकता है। स्कैमर्स इस तरह के लिंक के जरिए आपके स्मार्टफोन में वायरस या मेलवेयर इंजेक्ट कर सकते हैं। ये मेलवेयर फोन से आपकी बैंकिंग डिटेल्स को चोरी कर सकते हैं और आपका बैंक अकाउंट खाली कर सकते हैं। इस तरह के किसी भी मैसेज को आप भूलकर भी फॉरवर्ड न करें और केन्द्र सरकार के चक्षु पोर्टल पर रिपोर्ट करें। सरकार ने इस साल की शुरुआत में इस पोर्टल को लॉन्च किया था, जिसपर साइबर अपराध से जुड़ी शिकायत कर सकते हैं।

# चोरी की घटना को लेकर राष्ट्रीय बजरंगदल दल के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**कान्हीवाड़ा।** राष्ट्रीय बजरंगदल दल के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में हो रही लगातार चोरियो में अंकुश लगाने और उचित कार्यवाही हेतु दिया ज्ञापन ।

ज्ञात होवे की कान्हीवाड़ा से कलारवांकी मार्ग का नव निर्माण कार्य वर्ष 2023 से चल रहा था जिस पर बहुत सी नदियों पर पुल पुलियो का नव निर्माण किया गया था ग्राम पंचायत बम्हनी और ग्रामपंचायत सुकतारा के विच कुल्हार नदी पर भी पूल का निर्माण किया गया जो फरवरी मार्च 2024 मे बनकर तैयार हुआ और लगभग तीन माह ही गुजरे हे और असामाजिक तत्वों द्वारा उक्त पूल पर दोनो और सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए लोहे के पाइप चोरो द्वारा चुरा लिए गए जो चिंता की बात है की इतनी व्यस्तम सड़क से चौरो ने पुल पर से पाइप केसे चुरा लिए जबकि पुल के दोनो तरफ लोगो के रहवास हे उसके बावजूद पूल से पाइप चोरी होना चिंता का विषय हे। विगत कुछ दिनों में कान्हीवाड़ा क्षेत्र के दुकानों के ताले तोड़कर दुकान से नगदी सहित सामन चोरी होने की घटना भी घटित हुई जो चिंता की बात हे अतः क्षेत्र के जागरूक नागरिकों में संतोष बंदेवर वरिष्ठ पत्रकार, कपिल अवधिया जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंगदल दल सिवनी, ताम सिंह यादव खंड छुई अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंगदल, अजय प्रजापति अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंगदल कांहीवाड़ा, विकास प्रजापति , राजू ठाकुर मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा , नवनीत साहू पत्रकार, ने घटना की निंदा करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की हे और फूल की रेलिंग (लोहे के पाइप) चुराने बालो को पकड़ कर चुराने वाले और चोरी का सामन खरीदने वाले पर उचित कार्यवाही की जावे ओर यदि उक्त स्थान पे कोई घटना घटित हो तो चोरों पर ही अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जावे इस हेतु थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सोपा गया ।

# 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत कृषक बंधू कराएं अपनी फसलों का बीमा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक कृषि श्री मौरिस नाथ ने जिले के समस्त किसानों से अपील करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ 2024 में ऋणी-अऋणी कृषकों का प्रीमियम नामे कर बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक है।

उन्होंने बताया बताया कि इच्छुक कृषक उक्त तिथि के पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते है। कृषकों हेतु प्रीमियम दर मौसम खरीफ में धान सिंचित-असिंचित, सोयाबीन, मक्का, अरहर, ज्वार, कोदो कुटकी, मूंगफली, तिल, कपास, मूंग एवं उड़द। फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत लागू होगी। म.प्र. राज्य में पटवारी हल्का स्तर पर 50 हेक्ट. या उससे अधिक क्षेत्रफल वाली सभी अधिसूचित बीमित फसलों के लिए सभी कृषकों हेतु क्षतिपूर्ति स्तर 80 प्रतिशत होगा। पटवारी हल्के स्तर की अधिसूचित फसले धान सिंचित 870/-, धान असिंचित 648/-, सोयाबीन 586/-, मक्का 714/-, अरहर 790/ ज्वार 458/-, कोदो-कुटकी 248/-, मूंगफली 892/-, तिल 462/-, कपास 426/-, मूंग 604/, उड़द 542/-किसानों को अपनी फसलों का बीमा करने के लिए नजदीकी बैंक शाखा जहाँ पर बचत खाता हो, बेब सेंटर (कॉमन सर्विस सेंटर), फसल बीमा पोर्टल, क्रॉप इंश्योरेंस ऐप, AIC के प्रतिनिधियों द्वारा करवा सकते है बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि संबंधित दस्तावेज खतोनी की छायाप्रति, स्वप्रमाणित बुवाई प्रमाण पत्र।

# गौसेवा रक्षा संकल्प वर्ष अंतर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के उक्त निर्देशों के परिपालन में गुड़ी पड़वा से हिन्दू कलेंडर अनुसार विभिन्न प्रमुख तिथियों पर म0प्र0 गौसंवर्धन बोर्ड भोपाल में पंजीकृत जिला सिवनी की समस्त गौशालाओं में म0प्र0 ग्रामीण आजीविका मिशन सिवनी के द्वारा गठित गौशाला संचालन कर्ता स्व सहायता समूह, पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी के साथ समन्वय कर गौसेवा रक्षा संकल्प वर्ष अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कर संगोष्ठी के माध्यम से विभिन्न विषयों पर ग्राम वासियों से चर्चा कर रहे हैं एवं गौवंश संरक्षण हेतु जन जागरुकता बढ़ा रहे हैं- एवं कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं जैसे -मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत संचालित गौशालाओं के गौशाला संचालन कर्ता स्व सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने हेतु समूह के सदस्यों को आजीविका मिशन के साथ कंवर्जेश से पशुपालन विभाग की आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना, बैंक ऋण आधारित 10+01 बकरी पालन योजना, सम्मुनत योजना, नन्दीशाला योजना, बैक यार्ड कुक्कुट पालन योजना,कड़क नाथ प्रदाय योजना,मैत्री,गौसेवक योजना इत्यादि की जानकारी दी गई तथा राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत 06 गौशालाओं क्रमशः गौशाला रिड्डी, जनावरखेड़ा , बाघडोंगरी, चिखली, बम्होड़ी एवं घूरवाड़ा में मोटर चालित चाफ कटर प्रदाय के प्रकरण तैयार किये गए। गौशाला रिड्डी में बैकवार्ड कुक्कुट योजना अंतर्गत 25 सामान्य तथा 10 अनुसूचित जनजाति के प्रकरण तैयार करने हेतु स्व सहायता समूह के सदस्यों से सहमति प्राप्त की गई तथा इसी प्रकार गौशाला रिड्डी, जनावरखेड़ा एवं माहुलपानी से क्रमशः 2,1 एवं 1 प्रकरण तैयार करने हेतु सहमति ली गई। -पशुपालन विभाग एवं म0प्र0 ग्रामीण आजीविका मिशन सिवनी के कंवर्जेश से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों के पशु/पक्षियों के आवास हेतु एन0जी0ओ0/मनरेगा से सहायता की संभावना पर विचार विमर्श किया गया। -मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत संचालित गौशालाओं में गौशाला की क्षमता अनुसार 40% दुधारू पशुओं को रखे जाने हेतु स्व सहायता समूह के सदस्यों को प्रेरित किया गया। -गौशाला को चारागाह हेतु आबंटित भूमि पर चारागाह विकास हेतु रुपरेखा की तैयारी शुरू की गई। -गौशाला संचालन कर्ता स्व सहायता समूह को पूर्ण गौवंश क्षमता के साथ गौशाला संचालन हेतु प्रेरित किया गया। -पंचगव्य से उत्पाद बनाने की कार्ययोजना हेतु स्व सहायता समूह की सदस्यों को प्रेरित किया गया। - कार्यक्रम के अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अमले के द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर लगाकर पशुओं का उपचार तथा टीकाकरण किया गया। - -उपस्थित जनों के द्वारा गौपूजन कर गौभंडारा का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम की स्मृति में पौधरोपण भी किया गया। *गौरक्षा संकल्प वर्ष अंतर्गत दिनांक 14/07/2024 को आषाढ शुक्ल पक्ष अष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला सिवनी की समस्त गौशालाओं में पशुपालन विभाग के स्थानीय मैदानी अमले के साथ साथ म0प्र0 ग्रामीण आजीविका मिशन सिवनी के विकास खंड/कलस्टर स्तरीय पदाधिकारिगण भी उपस्थित रहे एवं उक्त कार्यक्रम की मानिटरिंग जिला स्तरीय विभागीय नोडल अधिकारी डॉ. मनीष कुमार शेन्डे सहायक संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी के द्वारा की गई , जिसमें म0प्र0 ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सिवनी के जिला परियोजना प्रबंधक श्री राजेन्द्र शुक्ला जी की भी बहुत ही अहम भूमिका रही।*





# रेलवे अंडर ब्रिज में भरा पानी, आवागमन मे हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कान्हीवाड़ा से कलारबाकी प्रधानमंत्री सड़क पर रेलवे अंडर ब्रिज सैकड़ो ग्रामीणों का परेशानी का सबक बन आए दोनों पानी भर जाने के कारण सैकड़ो ग्रामीण विशेष कर छात्र-छात्राएं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा इस विषय में रेलवे के अधिकारियों की कुंभकरण की नींद सोना जनता की मुसीबत का कारण बन गया जिला कांग्रेस शिवानी के महामंत्री एम नईम खान ने एक जानकारी में बताया है कि इस ब्रिज में पानी भरने की समस्या काफी लंबे समय से है जिस कारण से ग्रामीण बहुत परेशान इस विषय को लेकर क्षेत्रीय सांसद पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मंडला माननीय जिला कलेक्टर महोदय को इसके पहले भी अवगत कराने के कारण समस्या का निराकरण नहीं हो पाया पूर्व में 3,3,2021 को सिवनी जिला कलेक्टर के पत्र क्रमांक 1555 उपमुख अभियंता निर्माण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नैनपुर जिला मंडला को पत्र लिखने के बाद और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम को भी इस विषय में अवगत कराने के बाद भी आज तक इस विषय पर कार्यवाही ना होना आश्चर्यजनक है आज अधिक वर्षा होने के कारण पास के नाले का पानी ब्रिज में समा गया जिससे कमर से ऊपर पानी भर जाने के कारण सैकड़ो ग्रामीण ऑन का आना-जाना बाधित हो गया पास के नाले में ग्राम पंचायत का कचरा फेंकने के कारण नाला में कचरा अधिक होने से ब्रिज में पानी समा जाने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है इस विषय में ग्राम पंचायत को भी और पंचायत समन्वय सूर्यवंशी जी को अवगत कराने के बाद भी समय रहते नल की सफाई न होने से यह समस्या उत्पन्न हो गई उनकी उदासीनता का खामियाजा सैकड़ो ग्रामीणों को भुगतना करना पड़ रहा है विशेष कर छात्र-छात्रा और मरीजों को भारी सुविधा हो रही है सुबह 6:00 बजे से 12:00 बजे दोपहर तक ब्रिज में पानी भरा रहने के कारण छात्र-छात्राओं को वापस घर लौटना पड़ा समय रहते इसका निराकरण नहीं किया गया तो क्षेत्रीय जनता उग्र आंदोलन का मन बना रहे जिला कांग्रेस के महामंत्री नईम खान ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के डीआरएम जिला कलेक्टर सिवनी महोदय को इस विषय पर तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज। घंसौर ।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय घँसौर में 15 जुलाई को एक वृक्ष मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय बिसन सिंह जी ,अनुविभागीय अधिकारी घँसोर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिशु मंदिर को संस्कार भूमि से अभिव्यक्त किया । अध्यक्षता माननीय तहसीलदार महोदय घँसोर ने की । इस अवसर पर सम्पूर्ण समिति परिवार ,आचार्य परिवार ,एवम भैया बहिनो द्वारा भी वृक्ष रोपित किये गए ।इस समूचे कार्यक्रम को विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल नेमा जी ने अपने निरन्तर प्रयास एवम मार्गदर्शन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न कराया । इस पुनीत अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य एवम इंडेन गैस एजेंसी के संचालक भाईअक्षय गोल्हानी जी द्वारा मंदिर को एक 43 इंच T V भेंट की गई ।



## उचित मूल्य दुकानदार एवं प्रबंधक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान खैरलांजी की जांच की गई थी। जांच के दौरान पीओएस मशीन की तुलना में भौतिक रूप से गेहूं 86.97 क्विंटल, चावल 331.76 क्विंटल एवं नमक 26.50 क्विंटल एवं शक्कर 23 क्विंटल कम पाई गई। इसके साथ ही फरवरी 2024 में विक्रेता जगन्नाथ वासुदेव की लापरवाही से 41 हितग्राहियों को राशन से वंचित होना पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केवलारी के आदेशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान खैरलांजी के विक्रेता जगन्नाथ वासुदेव, प्रबंधक संजय बाघमारे के विरूद्ध थाना केवलारी में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# द टॉपर स्कूल में किया गया वृक्षारोपण





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर छिंदवाड़ा मार्ग स्थित स्थित द टॉपर एक्सीलेंस स्कूल में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राचार्य साहिबा खान शिक्षिकाओं में अमृता बेदी , शारदा कुमरे , राधिका गोलाहानि , हर्षिता विश्वकर्मा , अलीना खान द्वारा बादाम , चीकू आवाला , जामुन , आम , अशोक नीम एवं अन्य पौधों का वृक्षारोपण किया गया पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए जा सके एवं आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जलवायु के साथ-साथ जल संरक्षण हो सके इसलिए नगर एवं जिले में जगह-जगह वृक्षारोपण किया जा रहा है।

## अमृत भारत योजना से हो रहे कार्यों का लिया जायजा, सांसद भारती पारधी से भी की चर्चा

# रेलवे डीआरएम ने किया बालाघाट स्टेशन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लंबे समय के बाद डीआरएम नम्रता त्रिपाठी ने 15 जुलाई सोमवार को बालाघाट स्टेशन का निरीक्षण किया। यहां वह स्पेशल ट्रेन से पहुंची थी। डीआरएम नम्रता त्रिपाठी ने बालाघाट स्टेशन के अमृत भारत योजना से हो रहे कायाकल्प के तहत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सांसद भारती पारधी से स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर उन्होंने विस्तृत चर्चा की। सांसद ने यहां जिले की पहचान वन, आदिवासियों से संबंधित लोक संस्कृति और लोक कला से स्टेशन को नवीन लुक देने की बात कही।

डीआरएम नम्रता त्रिपाठी ने लगभग दो से ढाई घंटा बिताकर रेलवे अधिकारियों के साथ स्टेशन का बारीकी से निरीक्षण किया। मीडिया से चर्चा करते हुए बनाए जा रहे अंडर पास ब्रिज की कच्छप गति के सवाल पर डीआरएम त्रिपाठी ने कहा कि मानसुन के कारण, काम में देरी हो रही है, जो अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि अब ट्रेनों की लेट लतीफी में भी सुधार आया है और बीते एक माह से ट्रेन समय पर चल रही है। गोंदिया में इन्फ्रास्ट्रक्चर, थर्ड लाईन का काम अक्टूबर-नवंबर और आरओरआरबी का काम दिसंबर तक पूरा हो जाने के बाद ट्रेनों की लेट लतीफी पर पूरी तरह से ब्रेक लग जाएगा।

जिले को रायपुर, नागपुर की सीधी रेलसेवा और बरोनी ट्रेन को बालाघाट से होकर चलाए जाने के सवाल पर कहा कि यह रेलवे बोर्ड तय करता है, जो हमारे क्षेत्राधिकार के बाहर है। हां, यदि प्रस्ताव सांसद महोदया बनाकर भेजे तो बोर्ड उस पर ध्यान देगा।



सांसद भारती पारधी ने कहा कि हमने डीआरएम से कनेक्टिविटी ट्रेन को मांगा है लेकिन जब तक डबल लाईन नहीं होती है। तब तक, यह सब उतना जल्दी संभव नहीं है, जितना हम चाहते है, हम जिले के लोगों को रेल सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पातालकोट एक्सप्रेस को भी बालाघाट से चलाए जाने की चर्चा हमने डीआरएम से की है। हम रेलवे मंत्रालय से भी इस विषय पर चर्चा करेंगे।

इसके साथ ही हमने हनुमान चौक से आने वाले नाले के पानी से रेलवे कॉलोनी में होने वाले जलभराव को लेकर बात की। जिसमें उन्होंने इस पानी के रीसाइक्लिंग के लिए प्लांट का सुझाव दिया है। जिसमें वह जिला प्रशासन से चर्चा करेंगे। इसके अलावा बालाघाट और सिवनी रेलवे स्टेशन में एक्सीलेटर और लिफ्ट लगाए जाने पर भी चर्चा की गई है।

## खबर संक्षेप



### थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**कटंगी।** थाना परिसर कटंगी में मोहर्रम से पहले पुलिस प्रशासन ने शांति समिति की बैठक ली. इस बैठक के दौरान लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की गई. वरिष्ट पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर उपनिरीक्षक दीपक गौतम, सहायक उपनिरीक्षक दादूराम पटले ने बैठक में नागरिकों से संवाद किया. पुलिस ने मोहर्रम पर्व पर शहर में किस तरह के आयोजन होते है इसकी जानकारी ली. मुस्लिम समाज ने बताया कि इस वर्ष मोहर्रम पर्व पर कोई जुलूस नहीं निकाला जाता. शहर में बेहद शालीनता के साथ ही मुस्लिम समाज के लोग अपने घरों में इस त्यौहार को मनाएगें. बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था और बस स्टेण्ड में अव्यवस्था को लेकर भी मुद्दा उठाया गया. पुलिस ने आगामी समय की बैठक में इस विषय पर और अधिक विस्तार से चर्चा की बात कहीं. बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, कामराज देशमुख, आबिद खान, वाजिद अली रिजवी, सुरेन्द्र राहंगडाले, अनवर भाई, प्रियांश राउत सहित अन्य मौजूद रहे।

### हॉकी फीडर सेंटर के लिए चयन ट्रायल 17 जुलाई को

**बालाघाट।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में हॉकी फीडर सेंटर बालाघाट के लिए चयन ट्रायल 17 जुलाई को शाम 4:00 बजे आयोजित की जा रही है। हॉकी खेलने के इच्छुक प्रतिभागी चयन ट्रायल 17 जुलाई को शाम 04 बजे मुलना स्टेडियम में दे सकते हैं। बताया गया है कि ट्रायल में खिलाड़ी अपना आधार कार्ड, एक पासपोर्ट फोटो और जन्म प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी लेकर उपस्थित होंगे।

### विश्व युवा कौशल एवं विश्व जनसंख्या दिवस का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना अन्तर्गत 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस एवं विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा द्वारा अतिथियों के आथित्य सत्कार में स्वागत गीत गाकर किया गया। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत द्वारा की गई। विश्व युवा कौशल दिवस एवं जनसंख्या दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति सिंह सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय नैनपुर में व्यक्तित्व विकास को विभिन्न सोपानों के माध्यम समझाया साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरो को प्राथमिकता देने एवं लघ्यु उद्योग व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## जेई, डीई ने शासन को पहुंचाया आर्थिक नुकसान : किसानों से लूट की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के अंतर्गत बिजली विभाग के लामता कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के अंतर्गत चांगोटोला,चरेगांव,लामता सहित क्षेत्रीय किसानों के द्वारा लगभग 200 टीसी एवं स्थाई कनेक्शन करवाया गया है जहां पर टीसी कनेक्शन एवं स्थाई कनेक्शन में किसानों से अधिक राशि तथा बिना डिमांड के कनेक्शन किए जाने का मामला दिन-ब-दिन गरमाते जा रहा है जिस पर अब किसानों के साथ जिला पंचायत सदस्य स्मिता टेकाम के द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया गया है ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य के द्वारा किसानों से जूनियर इंजीनियर,डिविजनल इंजीनियर के द्वारा लाइनमैन के माध्यम से किसानों से अधिक राशि लेने के संबंध तथा शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का की बात कही गई किसानों के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की गई है अब देखना यहां होगा कि क्या जिला पंचायत सदस्य की किसानो की समस्या वाले मामले में एंट्री होने के बाद निष्पक्ष जांच हो पाएगी या अब भी जूनियर इंजीनियर एवं डिविजनल इंजीनियर तथा लाइन मेन पर राजनीतिक मेहरबानी बरसती रहेगी ।आखिर किसानों के मामले को हल्के में क्यों ले रहे उच्च अधिकारी ।किसानों से टीसी एवं स्थाई कनेक्शन के नाम अधिक राशि तथा बिना डिमांड के राशि वसूलने के संबंध में क्षेत्रीय ग्रामीण द्वारा बिजली विभाग के मुख्य अभियंता जबलपुर को लिखित शिकायत प्रेषित गई थी जिसके बाद भी उच्च अधिकारियों के द्वारा मामले को हल्के में लिया जा रहा है अब जिला पंचायत सदस्य के द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्य अभियंता तथा उच्च अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित किया गया है बता दें कि टीसी एवं स्थाई कनेक्शन जो कि लगभग 200 से अधिक किसानों का लामता,चांगोटोला,चरेगांव क्षेत्र में किया गया है जहां पर सूत्रो द्वारा बताया गया की 3000 से 5000 रुपए तक की वसूली की गई है परंतु किसानों का यह आरोप है कि किसी भी प्रकार का डिमांड किसानों को नहीं दिया गया है जूनियर इंजीनियर के कहने पर लाइनमैन के द्वारा रुपए लेकर कनेक्शन कर दिया गया है जिस पर जूनियर इंजीनियर और डिविजनल इंजीनियर की मिली भगत के चलते इस कारनामे को अंजाम दिया गया है प्रशासन को जाने वाली राशि पर जूनियर इंजीनियर और डिविजनल इंजीनियर ने सेंधमारी कर किसानों सहित सरकार को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया है जिस पर अब प्रशासन को उक्त विषय पर निष्पक्ष जांच करने की आवश्यकता है ।

### इनका कहना है

क्षेत्र के किसानों द्वारा शिकायत मिली कि जूनियर इंजीनियर द्वारा टीसी एवं स्थाई कनेक्शन में अधिक राशि वसूली की गई है एवं कनेक्शन के पहले डिमांड भी नहीं दिया गया है जिसका किसानों के पास टीसी कनेक्शन एवं स्थाई कनेक्शन लेने के बाद सबूत भी नहीं है पूर्व में क्षेत्रीय युवाओं के द्वारा आंदोलन कर वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की गई परंतु उच्च अधिकारियों के द्वारा अब तक जांच नहीं की गई है जिस पर मेरे द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है ।

**स्मिता टेकाम,**
**जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र, 01**

बिजली विभाग द्वारा टीसी कनेक्शन में 4000 रूपए लाइनमैन के माध्यम से लिया गया था जिसकी किसी प्रकार की रसीद एवं डिमांड नहीं दिया गया 6 माह बाद पक्का कनेक्शन किया गया जिसका 9000 रूपए बिना डिमांड के राशि लिया गया है जूनियर इंजीनियर के द्वारा कहा गया था कि एसएमएस के माध्यम से आपको सूचित हो जाएगा और रसीद बाद में पहुंचा दिया जाएगा परंतु आज तक रशीद नहीं दिया गया नियम के अनुसार डिमांड देना चाहिए एवं रसीद मिलना चाहिए जूनियर इंजीनियर को भी नहीं पता है कि एक एचपी कनेक्शन का टीसी एवं स्थाई कनेक्शन में कितना चार्ज लगता है कई बार मेरे द्वारा पूछा गया परंतु नहीं बताया गया ।

**लेखचंद बघेले, किसान**
**ग्राम पंचायत निवासी**

### शाखा, समिति प्रबंधकों दिए निर्देश

## क्रिस योजना में प्रकरण तैयार करे: सीईओ पटले



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सोमवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा साप्ताहिक वीसी का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित वीसी में बैंक सीईओ आरसी पटले ने सभी शाखा, समितियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्षेत्र अंतर्गत क्रिस योजना में प्रकरण तैयार करें तथा समयावधि में इसका क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा श्री पटले ने जिले की समितियों में उपलब्ध खाद की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही डेबिट कार्ड का शत प्रतिशत वितरण सजगता से करने और रूपे कार्ड का वितरण तय समय सीमा में पूर्ण करने कहा गया। श्री पटले ने समीक्षा के दौरान कहा कि मध्यम कालीन ऋण को लेकर शीर्ष बैंक गंभीर है और इस गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक समिति प्रत्येक माह एक प्रकरण तैयार कर बैंक मुख्यालय अनिवार्य रूप से स्वीकृति हेतु प्रेषित करे।

इसके साथ ही शाखा में नये खाते खोले जावे और खातो को आधार से अपडेट करवाकर एनपीसीआई से लिंक कराये जाने को लेकर अभियान चलाये। ताकि सभी खातोधारको के खाते अपडेट हो सके। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से बिजली बिल जमा करावे और ऑन लाईन के तहत अन्य कार्य को प्राथमिकता से करें और माइक्रो एटीएम, बैलेंस शीट को लेकर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सृजल शाक्य, रौनक चौकसे, अमरेश परिहार, संजय गोले आदि उपस्थित रहे।

### 6 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म, 20 वर्षीय युवक गिरफ्तार

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में 06 वर्षीय अबोध बालिका से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया है. जिसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है. मिली जानकारी अनुसार 06 वर्षीय अबोध बालिका अपने दादा-दादी के पास रहती थी जबकि माता-पिता रोजगार के लिए बाहर गए हुए थे. घर के सामने रहने वाले युवक ने ही बालिका को घर में अकेले पाकर वारदात को अंजाम दिया. घटना 14 जुलाई की बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि जिस युवक ने दुष्कर्म किया है उसे अबोध बालिका मामा कहती थी. घटना की जानकारी मिलते ही गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64 (2) आई, 64 (2) एम, 65 (2), पॉक्सो एक्ट 5(एम),5(एल)/6 की कार्रवाई की है।

## जनपद स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक का सिविल अस्पताल लांजी में हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सोमवार 15 जुलाई को विकास खंड लांजी के जनपद पंचायत से माननीय जनपद सदस्यों, स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में जनपद स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेवाजी करहाटकरे, सभापति महोदय, डॉ. प्रदीप गेडाम खंड चिकित्सा अधिकारी सचिव, श्रीमती पद्मावती परते परियोजना अधिकारी सह सचिव, दिनेश लाडे जनपद सदस्य, श्यामलाल बेदरे जनपद सदस्य, श्रीमति पद्मा कबीरे जनपद सदस्य समिति सदस्य के रूप में उपस्थित रहेद्य बैठक में डॉ. प्रदीप गेडाम खंड चिकित्सा अधिकारी लांजी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओ एवं विभाग की रुपरेखा बताते हुए पोषण पुनर्वास केंद्र, सिकल सेल, दस्तक कार्यक्रम एवं वर्तमान में चल रहे 11 जुलाई से 11 अगस्त तक के जनसँख्या स्थिरता माह आदि की जानकारी दी गई। बारिश के मौसम में होने वाली मलेरिया एवं डायरिया की रोकथाम, मच्छरदानी का उपयोग, पेय जल की शुद्धता एवं स्वच्छता के महत्व को बताया। साथ ही सर्पदंश एवं कुत्ता काटने पर अस्पताल में उपचार हेतु शीघ्र मरीज को ले आने की बात को समिति के समक्ष रखाद्य श्रीमती पद्मावती परते परियोजना अधिकारी द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो का संछिप्त विवरण देते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्ता सहायिका तथा सेक्टर सुपरवाइजर की जिमेदारियो पर जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी केन्द्रो में पेय जल की उपलब्धता, बिजली की उपलब्धता की जानकारी दी गई जिस पर समिति द्वारा जल्द सभी केन्द्रो में बिजली एवं पेय जल की व्यवस्था बनाए जाने के लिए सम्मिलित प्रयासों पर चर्चा की गई। लाडली लक्ष्मी योजना एवं पोषण हेतु चिन्हित हितग्राहियो के डाटा बेस सॉफ्टवेयर में दर्ज किये जाने की स्थिति से अवगत कराया गया। सदस्यगणो द्वारा अपने विचार रखे जिसमे दिनेश लाडे जनपद सदस्य द्वारा स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यो में आने वाली समस्याओ को दूर करने के लिए पूर्ण सहयोग किये जाने के लिए आश्वस्त किया एवं आंगनवाड़ी के द्वारा किये जा रहे कार्यो में जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी देते हुए आपसी तालमेल बनाने की बात कही।

### अभिभावकों से वसूला 10 हजार रुपए का जुर्माना

## यातायात पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान : स्कूल के बाहर वाहन चलाते 5 नाबालिगों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सोमवार को जिला मुख्यालय में यातायात पुलिस ने नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर अभिभावकों पर चालानी कार्रवाई की।

यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने शाम 5 बजे अपनी टीम के साथ स्कूल छूटने के बाद वाहन लेकर स्कूल से निकल रहे नाबालिग वाहन चालकों को पकड़ा और उनके अभिभावकों को बुलवाया। पुलिस ने ऐसे पांच नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूला।

यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने बताया कि सोमवार को निजी और शासकीय स्कूलों के सामने वाहन लेकर निकल रहे 5 नाबालिगों को पकड़ा। जिनके अभिभावकों से जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही उन्हें समझाइश दी गई कि वह अपने बच्चों को वाहन ना दे।

इसके अलावा स्कूल प्रबंधन को हिदायत दी गई कि वह छात्रों को वाहन लेकर स्कूल नही आने की समझाइश दी। यातायात थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि इसके अलावा हमने स्कूली बच्चों को बालिग होने पर लाइसेंस बनाकर नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की समझाइश दी।

### जिले में अब तक 12 इंच के करीब पहुंची वर्षा

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 293.2 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक 12 इंच के करीब वर्षा पहुंच चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा बैहर तहसील में 15 इंच से अधिक यानी 390.8 मिमी हुई है।

इसके बाद परसवाड़ा में 372.8 मिमी 14 इंच से अधिक, वारासिवनी में 365.9 मिमी 14 इंच से अधिक, तिरोड़ी में 347.1 मिमी लगभग 14 इंच, बिरसा में 337.1 मिमी.13 इंच से अधिक, बालाघाट में 328.4 मिमी 13 इंच से अधिक, लालबर्रा में 294.4 मिमी लगभग 12 इंच, कटंगी में 260.1 मिमी 10 इंच से अधिक, किरनापुर में 199.4 मिमी लगभग 8 इंच, लांजी में 185.1 मिमी 7 इंच से अधिक और सबसे कम खैरलांजी में 146.9 मिमी अर्थात 5 इंच से अधिक वर्षा हुई है।

## गोवंश को क्रूरतापूर्वक परिवहन करते पिकअप जब्त, 5 मवेशी कराए मुक्त



### तिरोड़ी थाना क्षेत्र के परसवाड़ाघाट के पास हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी पुलिस ने गोवंश को क्रूरतापूर्वक परिवहन करते हुए एक पिकअप वाहन को जब्त किया है. पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है. तिरोड़ी पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई को थाना क्षेत्र के ग्राम परवाड़ाघाट के पास अंजाम दिया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पिक-अप वाहन क्रमांक एमपी 50 जी 0599 में 05 नग गोवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन किया जा रहा था. वाहन को रोककर जब जांच की गई और वाहन चालक ने गोवंश की खरीदी-बिक्री से जुड़े दस्तावेज पूछे गए तो चालक कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवा पाया. पुलिस ने मौके पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के तहत मौका स्थल पर वीडियोग्राफी कर वाहन को जब्त किया. पुलिस ने इस पूरे मामले में वाहन चालक खुशाल पिता लालचंद बोपचे उम्र 31 वर्ष निवासी चिकमारा थाना कटंगी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 घ और मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की है. खुशाल ने पुलिस को बताया कि वह मवेशियों को चिकमारा से लेकर छतेरा और महाराष्ट्र के कवलेवाड़ा लेकर जा रहा था. पुलिस ने सभी मुक मवेशियों को कटेधरा स्थित कामधेनु गौशाला में सुरक्षित पहुंचा दिया है. गोवंश की अवैध तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए क्षेत्र की पुलिस सतत कार्रवाई कर रही है।

### 134 पुल पुलिया हुए चिन्हित, संबधित विभाग रखेंगे नजर

## बरसात न सिर्फ नागरिकों के लिए बल्कि पशुओं के लिए भी घातक हो सकती है



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा और अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे ने संयुक्त रूप से समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिपं सीईओ रणदा ने पशुपालन से कहा कि बारिश के दिनों में खाली स्थानों पर जल भराव से वहां कई तरह के मच्छर पैदा हो जाते है। जो नागरिकों के लिए समस्या तो है कि साथ ही घास में घास के ही रंग का एक टिड्डा पशुओं को भी तखलिफ़ देता है। घास के साथ पशु उन्हें खा जाते है, ऐसे में पशुओं का टीकाकरण समय पर कर दिया जाए तो समस्या नहीं होंगी। पशुपालन विभाग द्वारा बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। जिपं सीईओ श्री रणदा ने इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई और पेयजल आपूर्ति की देखरेख करने के निर्देश दिए है। ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जल भराव अधिक है वहां सफाई प्राथमिकता से कराए। बैठक में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर केसी ठाकुर डिप्टी कलेक्टर एमआर कोल, राजनंदनी शर्मा व समस्त विभागों के जिला प्रमुख कलेक्टर सभागृह में तथा अनुविभागीय अमला गूगल मीट से जुड़ा।

**सीएम हेल्पलाईन पर आने वाली शिकायत विभाग की सक्रियता भी बताता है:** टीएल बैठक में जिपं सीईओ रणदा ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए विभागों से कहा कि यह सेवा नागरिकों की समस्या भी बताता है। इससे विभाग भी आंकलन कर सकते है कि ग्रामीण क्षेत्र या शहरी क्षेत्रों में किस तरह की समस्याएं हो रही है। विभाग को उस दिशा में तुरंत क्रियान्वयन कार्य प्रारंभ कर देनी चाहिए। साथ ही विभाग की सक्रियता भी इससे पता चलती है। जिले में 1 जून से 30 जून तक कुल 8127 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन के माध्यम से प्राप्त हुई है। इनमें से 1972 शिकायतें निराकृत की गई है। इसमें सबसे अधिक 455 राजस्व विभाग द्वारा निराकृत की गई है। इसके बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 306 शिकायतें, 224 स्वास्थ्य विभाग द्वारा, 204 शिकायतें विद्युत विभाग द्वारा निराकृत की गई है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक/2562/अति.कले./वि.अधि./2024
बालाघाट दिनांक 14/06/2024

**आम-सूचना**

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष /अर्न्तजातीय विवाह हेतु आवेदकगण जितेन्द्र मानकर पिता सुरबद मानकर उम्र 33 जाति गोवारी निवासी ग्राम पोस्ट बनेरा तहसील कटंगी जिला बालाघाट म.प्र. एवं आवेदिका भारती भिलावे पिता राजकुमार भिलावे उम्र 30 वर्ष जाति महार निवासी ग्राम पोस्ट बनेरा तहसील कंटगी जिला बालाघाट म.प्र. ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें विशेष विवाह हेतु सुनवाई दिनांक 16/07/2024 को नियत की गई है ।

अत: उक्त विवाह के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 16/07/2024 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रात: 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला बालाघाट (म.प्र.)**